बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
सभी नगर निगम।
कार्यपालक पदाधिकारी,
सभी नगर परिषद् एवं नगर पंचायत।

पटना, दिनांक 27.10.2021

विषय- दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के SUH घटक अंतर्गत संचालित आश्रय स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर आवश्यकतानुरूप मरम्मति कराये जाने तथा बुनियादी उपस्कर उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि दिनांक 20.10.2021 को संपन्न राज्य स्तरीय आश्रय स्थल अनुश्रवण समिति की बैठक में सभी संचालित स्थायी आश्रय स्थलों का निरीक्षण कर शरद ऋतु से पूर्व मरम्मति कार्य किये जाने हेतु निदेश दिया गया है।

उक्त निदेश के आलोक में कहना है कि अपने क्षेत्राधीन निकायों में संचालित आश्रय स्थलों का भौतिक सत्यापन करते हुए दरवाजों एवं खिड़कियों की मरम्मति का कार्य तथा कम्बल, अलाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय ताकि आश्रयविहीनों को शरद ऋतु के समय में ठंड से सुरक्षा दिलाया जा सके। उपरोक्त से अतिरिक्त ऐसे सभी आश्रय स्थल जहाँ बुनियादी उपस्कर यथा CCTV कैमरा, रैंप, महिलाओं की सुरक्षा हेतु आयरन ग्रिल, मच्छरों से बचाव हेतु खिड़कियों में जाली की व्यवस्था आदि उपलब्ध नहीं है, का भी प्रावधान किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि दिनांक-31.10.2021 से पूर्व सभी आश्रय स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए विभाग को GIS based फोटो के साथ प्रतिवेदित करने की कृपा की जाय,ताकि राज्य स्तरीय आश्रय स्थल अनुश्रवण समिति को कृत कार्रवाई की ससमय सूचना दी जा सके।

विश्वासभाजन,

परियोजना पदाधिकारी-सह-अपर निदेशक,
नगर विकास एवं आवास विभाग।
Signed by Umakant Pandey
Date: 26-10-2021 18:03:29
Reason: Approved